फारस की खाड़ी

फारस की खाड़ी दक्षिण-पश्चिमी ईरान और अरब प्रायद्वीप के बीच अरब सागर की एक शाखा है।

//

मुख्य बिंदु:

- **भौगोलिक अवस्थिति:**
  - **अरब सागर की एक भुजा**; दक्षिण-पश्चिमी ईरान और अरब प्रायद्वीप के मध्य।
  - **सीमावर्ती देश:** इराक, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, ओमान और ईरान।
  - यह पूर्व में ओमान की खाड़ी एवं होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा हुआ है।
    - होर्मुज जलडमरूमध्य उत्तर में केशम द्वीप और ईरान के तट और दक्षिण में अरब प्रायद्वीप के मुसंडम प्रायद्वीप के बीच स्थित है।
- **सामरिक महत्त्व:**
  - फारस की खाड़ी के देश कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के प्रमुख उत्पादक हैं।
  - ईरान, इराक, कुवैत, संयुक्त अरब अमीरात (UAE) तथा सऊदी अरब, OPEC (पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन) के सदस्य हैं।
  - संयुक्त अरब अमीरात (UAE), बहरीन, सऊदी अरब, ओमान, कतर, कुवैत खाड़ी सहयोग परिषद (GCC) के सदस्य हैं।
- **हाल की संबंधित घटनाएँ:**
  - चाबहार बंदरगाह
  - फरज़ाद-बी गैस फील्ड

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/persian-gulf-1-1